Handing over of Kapurthala plot in Delhi to the Government of Kerala

1128. SHRI E. BALANANDAN: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Kapurthala plot which belongs to the State of Kerala, would be returned to them;

(b) if so, by when; and

(c) the reasons for the delay in this regard?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Out of a total of 6.05 acres of Kapurthala plot, 2.164 acres has already been handed over to the Government of Kerala. The remaining is under use by Delhi Police and would be vacated by mid-1993 for handing over to the State Government.

गन्दी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था

1129. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में इस समय कितनी गन्दी-बस्तियां स्लम्स हैं और इन बस्तियों में कितने लोग बसते हैं ; और

(ख) क्या उन्हें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इस प्रकार की सुविधाएं कब तक उपलब्ध करा दी जाएंगी ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) दिल्ली में इस समय दो प्रकार की गन्दी बस्तियां हैं अर्थात् (1) ये गन्दी बस्तियां पुरानी दिल्ली तथा उसके विस्तार में स्थित हैं और स्लम क्षेत्र (सुधार एवं उन्मूलन) अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इनका प्रबन्ध तथा प्रशासन चलाया जाता है तथा इनकी जनसंख्या लगभग 18 लाख है; और (2) इसमें लगभग 694 झुग्गी-झोपड़ी समूह हैं जो सार्वजनिक भूमि पर हैं और इनकी जनसंख्या लगभग 12 लाख है।

(ख) इन दोनों प्रकार की गन्दी बस्तियों के निवासियों को पीने का पानी, सफाई का प्रबन्ध, खडंजे वाले पैदल पथ, गलियों में रोशनी का प्रबन्ध, भुगतान आधार पर जनसुविधा परिसरों का उपयोग इत्यादि जैसी न्यूनतम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

दिल्ली में भूमि का अधिग्रहण

1130. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के आस-पास कितने गांवों की जमीन दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अधिग्रहीत कर ली है; और

(ख) प्राधिकरण ने कितने गांवों में सुलभ शौचालयों की स्थापना की है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) दिल्ली के आस-पास के गांव हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश राज्यों में पड़ते हैं और इसलिए दिल्ली के सुनियोजित विकास के लिये दिल्ली विकास प्राधिकरण को अन्तरित करने हेतु दिल्ली प्रशासन द्वारा उनकी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाता है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों के परिवारों के एक-एक सदस्य को प्लाट तथा रोजगार दिया जाना

1131. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुसार